सांध्य दैनिक
आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel
# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट
DGR Detective Group Report
सतर्क रहें-सजग रहें अभियान
www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com
वर्ष : 11 अंक : 225 | इंदौर, शनिवार 28 फरवरी, 2026 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

# आजाद ने भील समुदाय से सीखी थी निशानेबाजी

## उनके जन्मस्थान पर बनाएंगे बड़ा पार्क, CM ने की घोषणा

**आलीराजपुर, एजेंसी। महान स्वतंत्रता सेनानी चंद्रशेखर आजाद की विरासत को सहेजने के लिए मध्य प्रदेश सरकार उनकी जन्मस्थली भाभरा में एक बड़ा पार्क बनाएगी। इस बात की घोषणा प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने शुक्रवार को की। आजाद का जन्म 23 जुलाई, 1906 को मध्य प्रदेश के झाबुआ में स्थित भाभरा में हुआ था और उन्होंने 27 फरवरी, 1931 को देश के लिए अपनी जान दे दी थी।**

महानायक की पुण्यतिथि पर भाभरा में आयोजित 'आजाद स्मृति समारोह' में बोलते हुए, यादव ने कहा कि चंद्रशेखर आजाद नगर (भाभरा) में उनके नाम पर एक बड़ा पार्क बनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि चंद्रशेखर आजाद 14 साल की छोटी सी उम्र में स्वतंत्रता संग्राम में कूद पड़े थे और आजादी की लड़ाई में उन्होंने अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे।




### भील समुदाय से सीखी थी निशानेबाजी

यादव ने आजाद को एक बेहतरीन निशानेबाज बताते हुए कहा कि उन्होंने अपना बचपन अलीराजपुर के भील समुदाय के बच्चों के बीच बिताया था और उनसे ही निशानेबाजी की कला भी सीखी थी। यादव ने कहा, ' आजाद की विरासत से जुड़ी जगहों को भी संस्कृति विभाग की मदद से पर्यटन स्थल के रूप में विकसित किया जाएगा।'

### आदिवासी नायकों से जुड़ी जगहों को संजोया जा रहा

यादव ने कहा, 'राज्य सरकार आदिवासी महापुरुषों की विरासत को बचाने के लिए समर्पित है। खरगोन में टंट्या भील के नाम पर एक यूनिवर्सिटी बनाई गई है। इसी तरह, आजादी की लड़ाई के दूसरे आदिवासी नायकों से जुड़ी जगहों को भी संजोकर रखा जा रहा है।'

### आलीराजपुर जिले को मिली 171 करोड़ के विकास कार्यों की सौगात

इस दौरान मुख्यमंत्री ने आदिवासी बहुल अलीराजपुर जिले में 171 करोड़ रुपए की लागत वाले 49 विकास कार्यों का उद्घाटन और भूमिपूजन भी किया। उन्होंने कहा कि जिले में 1,800 करोड़ रुपए की लागत वाले नर्मदा सिंचाई प्रोजेक्ट पर काम चल रहा है, और इसके पूरा होने पर 170 गांवों को पानी मिलेगा। उदगढ़ में मशहूर आदिवासी त्योहार भगोरिया में शामिल हुए यादव ने कहा कि इस अनुभव ने उनका दिल खुशी से भर दिया। मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि MP सरकार ने भगोरिया को राष्ट्रीय त्योहार के तौर पर मनाने का फैसला किया है। भगोरिया त्योहार होली से ठीक पहले मनाया जाता है, जिसमें हर हफ्ते मेले लगते हैं जो पश्चिमी मध्य प्रदेश के आदिवासियों के रंगीन त्योहारों को दिखाते हैं। ये मेले अलीराजपुर, झाबुआ, धार, खरगोन और बड़वानी जैसे आदिवासी बहुल जिलों में 100 से ज्यादा जगहों पर लगते हैं।

---

मप्र को केंद्र की बड़ी सौगात

# प्रदेश के 7 जिलों के लोगों की बदलेगी जिंदगी, खास है तोहफा



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इटारसी, एजेंसी।** मध्य प्रदेश को केंद्र सरकार ने एक बड़ी सौगात दी है। प्रदेश के लिए 4329 करोड़ की नई रेल लाइन को मंजूरी मिल गई है। दरअसल देश के सबसे व्यस्त रेल कॉरिडोरों में से एक बीना-भोपाल-इटारसी रेल मार्ग पर यातायात दबाव को कम करने के लिए चौथी रेल लाइन परियोजना को मंजूरी मिल चुकी है। केंद्रीय कैबिनेट से हरी झंडी मिलने के बाद प्रदेश के लिए ये एक बड़ी सौगात मानी जा रही है। इस सपने पूरी करने वाली परियोजना की अनुमानित लागत लगभग 4329 करोड़ रुपए रखी गई है जबकी इसकी लंबाई 237 किलोमीटर है।

### मध्य प्रदेश के 7 जिलों से निकलेगी रेल लाइन

यह नई लाइन मध्य प्रदेश के कई जिलों से होकर निकलेगी और बड़ी स्तर पर लोगों की किस्मत बदलेगी। यह लाइन बीना, भोपाल, इटारसी के साथ रायसेन, सीहोर, विदिशा और सागर जिलों से होकर गुजरेगी जो लोगों के जीवन में बदलाव लाएगी। इस नई चौथी रेल लाइन से बनने से न केवल ट्रैफिक की वजह से होने वाले देरी में कमी आएगी, बल्कि यात्रियों के लिए भी सुविधा होगी। ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही परिचालन क्षमता में वृद्धि होगी। इस रेल लाइन से स्थानीय उद्योगों के साथ ही व्यापार और दूसरी गतिविधियों को लाभ मिलने के आसार है।

### इस परियोजना का 2029 तक पूरा करने का है लक्ष्य

वहीं इस रेल लाइन के पूरा होने के लिए समय भी तय किया गया है। अधिकारियों के मुताबिक इस परियोजना को पूरा करने के लिए वर्ष 2029 तक का लक्ष्य रखा गया है ।चौथी लाइन चार वर्षों के भीतर पूरी करने का लक्ष्य रखा गया है, जिससे रेलमार्ग पर यातायात तथा आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

---

## MSC Bank Scam: दिवंगत अजित पवार और डिप्टी सीएम सुनेत्रा पवार को बड़ी राहत, 25000 करोड़ के घोटाले में क्लीन चिट

---

# भीषण धमाके के साथ छत तोड़कर फटा गैस सिलेंडर, एक घर जमींदोज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**दमोह, एजेंसी।** जिले के मगरोन थाना क्षेत्र अंतर्गत बेली गांव में शुक्रवार दोपहर उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक बंद मकान में रखे घरेलू गैस सिलेंडर में अचानक भीषण ब्लास्ट हो गया। धमाका इतना जबरदस्त था कि एक मकान पूरी तरह धराशायी हो गया, जबकि आसपास के दो अन्य मकानों में गहरी दरारें आ गईं। गनीमत रही कि घटना के वक्त घर में कोई मौजूद नहीं था, वरना बड़ा जानलेवा हादसा हो सकता था।

### छत फाड़कर बाहर निकला सिलेंडर

जानकारी के मुताबिक बेली गांव निवासी खरगराम अहिरवार के घर में रखा गैस सिलेंडर अचानक विस्फोट के साथ फट गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार धमाके की आवाज कई सौ मीटर दूर तक सुनाई दी। ब्लास्ट इतना शक्तिशाली था कि सिलेंडर छत को चीरता हुआ ऊपर जा गिरा और पक्का मकान मलबे में तब्दील हो गया। आसपास धूल का गुबार छा गया और लोग दहशत में घरों से बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि सुबह परिवार ने भोजन बनाने के बाद घर में ताला लगाकर खेत पर बटरा की थ्रेशिंग के लिए चले गए थे। दोपहर में उनकी बेटी ने भी खाना बनाया और सिलेंडर बंद करने के बाद मकान में ताला लगाकर वह भी खेत चली गई। इसी दौरान बंद घर के भीतर अचानक विस्फोट हो गया। ग्रामीणों का कहना है कि यदि उस समय परिवार के सदस्य घर में मौजूद होते तो जनहानि से इंकार नहीं किया जा सकता था।

धमाके की तीव्रता का अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है कि पड़ोस में रहने वाले दयाराम अहिरवार और रामदास अहिरवार के मकानों की दीवारों में दरारें पड़ गईं और छतों को भी नुकसान पहुंचा है। धमाके के बाद ग्रामीणों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

मगरोन थाना प्रभारी बीएल पटेल ने बताया कि मकान मालिक और उसकी बेटी से पूछताछ की गई है। बेटी का कहना है कि वह गैस सिलेंडर बंद करके गई थी। ऐसे में बंद मकान में सिलेंडर कैसे फटा, यह जांच का विषय है।

जनगणना से जुड़े अधिकारियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न

# जिले में मकानों की गणना का प्रथम चरण आगामी एक मई से 31 मई तक चलेगा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। जिले में आगामी जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित, पारदर्शी एवं त्रुटिरहित ढंग से संपादित करने के उद्देश्य से व्यापक तैयारियां की जा रही हैं। इसी क्रम में कलेक्टर कार्यालय के सभागृह (कक्ष क्रमांक 210) में जनगणना से जुड़े अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए तीन चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया।**

इस तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन आज अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। इस



अवसर पर संयुक्त निदेशक जनगणना निदेशालय मध्यप्रदेश शासन विनीत यादव, सहायक निदेशक जनगणना सुमित बडोले, नगर निगम के अपर आयुक्त एवं नगर जनगणना अधिकारी नरेन्द्रनाथ पांडे एवं जिला योजना एवं अतिरिक्त जिला जनगणना अधिकारी माधव बेन्डे सहित नगर पालिका निगम के अधिकारी, नगर निगम के समस्त झोनल अधिकारी एवं उनके सहायक जनगणना लिपिक शामिल हुए।

अपर कलेक्टर एवं जिला जनगणना अधिकारी श्रीमती निशा डामोर ने कहा कि जनगणना के महत्व पर प्रकाश डाला। जनगणना प्रशिक्षण कार्यशाला में बताया गया कि भारत की जनगणना 2027 के प्रारंभिक गणना में भवन एवं मकानों की गणना की जाएगी। जनगणना का पहला चरण आगामी एक मई से प्रारंभ होकर 31 मई 2026 तक सम्पन्न होगा। इस चरण में मकानों की गणना का कार्य सम्पादित किया जाएगा। इसके पूर्व मार्च-अप्रैल में समस्त प्रगणक एवं पर्यवेक्षकों की नियुक्ति और उनका प्रशिक्षण कार्यक्रम सम्पन्न होगा। जनगणना प्रशिक्षण कार्यशाला में जनगणना से संबंधित प्रक्रियाओं प्रपत्रों के संधारण, डिजिटल मोड्यल डाटा की शुद्धता तथा कार्यो की विस्तृत जानकारी दी गई।

## युवाओं को नौकरी देने लिये रोजगार मेला 2 मार्च को

● ढाई सौ से अधिक रिक्त पदों पर दी जायेगी नौकरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की पहल पर युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए इन्दौर जिले में "युवा संगम" कार्यक्रम रोजगार मेले लगातार आयोजित किए जा रहे हैं। इसी क्रम में अगला रोजगार मेला जिला प्रशासन एवं जिला रोजगार कार्यालय इन्दौर द्वारा 02 मार्च सोमवार को सुबह 10 बजे से दोपहर 03 बजे तक जिला रोजगार कार्यालय परिसर (जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के पास) 10 पोलोग्राउंड इन्दौर में आयोजित किया जाएगा।

उप संचालक रोजगार श्री पी.एस. मण्डलोई ने बताया कि इस रोजगार मेले में युवाओं को करियर बनाने का सुनहरा अवसर प्रदान किया जाएगा। साथ ही स्वयं का व्यवसाय प्रारंभ करने हेतु विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत ऋण प्रक्रिया एवं आवश्यक मार्गदर्शन भी उपलब्ध कराया जाएगा।

"युवा संगम" कार्यक्रम में कई प्रतिष्ठित कंपनियाँ जैसे इनोफ्लेक्स, टोरस बीपीओ, तीसवा टेक्नोलॉजीज सर्विसेज, जस्ट डायल, शेफाली बिजनेस सोलूशन, मोजेक वास्किक्ल्ल प्राइवेट लिमिटेड आदि कंपनियाँ में 250 से अधिक रिक्त पदों की पूर्ति हेतु उपस्थित रहेंगी। इन कंपनियों में एचआर, सेल्स एक्जीक्यूटिव, टेली-कॉलर, ऑपरेटर, टीम लीडर, बैक ऑफिस, हेल्पर आदि रिक्त विभिन्न पदों पर आवेदकों का चयन किया जाएगा। कंपनियों के प्रतिनिधि आवेदकों के साक्षात्कार लेकर आकर्षक वेतन पर प्रारंभिक चयन करेंगे।

इस मेले में 18 से 40 वर्ष आयु वर्ग के ऐसे आवेदक, जिन्होंने हाईस्कूल से लेकर स्नातकोत्तर तक की शिक्षा प्राप्त की हो, तथा आईटीआई/डिप्लोमा जैसी तकनीकी योग्यता रखने वाले युवा भी भाग ले सकते हैं। रोजगार मेले में शामिल होने वाले सभी आवेदकों को अपने समस्त शैक्षणिक प्रमाण-पत्रों की छायाप्रतियाँ, बायोडाटा तथा आधार कार्ड सहित अन्य आवश्यक दस्तावेजों की प्रतियाँ साथ लाना होगीं।

## वरिष्ठजनों के लिए हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का हुआ आयोजन

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। राष्ट्रीय आयुष मिशन के अंतर्गत संभागीय आयुष अधिकारी डॉ. मीना भायल एवं जिला आयुष अधिकारी डॉ. हंसा बारिया के निर्देशन में आयुष विंग जिला चिकित्सालय एवं शासकीय होम्योपैथी औषधालय सुदामा नगर द्वारा अमरलाल सेवा ट्रस्ट परिसर में वरिष्ठ नागरिकों के लिए एक विशेष हॉलिस्टिक वेल-बीइंग कैंप का आयोजन किया गया, इस शिविर का उद्देश्य वरिष्ठजनों के शारीरिक, मानसिक एवं सामाजिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ करना था।**

कार्यक्रम का शुभारंभ नियमित योग अभ्यास के साथ हुआ, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उनकी आयु एवं स्वास्थ्य स्थिति के अनुरूप सरल एवं प्रभावी योगाभ्यास कराए गए, योग विशेषज्ञों ने बताया कि नियमित योग शरीर को सशक्त बनाने के साथ मानसिक संतुलन और सकारात्मक ऊर्जा का भी संवर्धन करता है।



शिविर में वरिष्ठ आयुर्वेद विशेषज्ञ एवं गुदा रोग विशेषज्ञ डॉ. शीतल कुमार सोलंकी, आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी एवं बाल रोग विशेषज्ञ, योग विशेषज्ञ डॉ. बख्त्यार अशरफी द्वारा वरिष्ठजनों को स्वास्थ्य संबंधी मार्गदर्शन प्रदान किया गया। होम्योपैथिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. रचना रघुवंशी की विशेष उपस्थिति रही। कंपाउंडर कांजीलाल दामके, जयंत जायसवाल, प्रेम ठाकुर, प्रदीप शर्मा, प्रकाश मसानिया एवं मदन दादा की सक्रिय सहभागिता से शिविर सफलतापूर्वक संपन्न हुआ।

चिकित्सकों द्वारा सभी वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया तथा आवश्यकतानुसार आयुष औषधियों का निःशुल्क वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त स्वस्थ जीवनशैली हेतु दिनचर्या एवं ऋतुचर्या के सिद्धांतों पर विस्तार से प्रकाश डाला गया, जिससे वरिष्ठजन प्राकृतिक एवं संतुलित जीवन पद्धति अपनाकर अपने स्वास्थ्य का संरक्षण कर सकें।

मानसिक स्वास्थ्य को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से हंसी-मजाक, विनोद-प्रमोद तथा छोटे-छोटे खेलों का भी आयोजन किया गया। इससे वातावरण में आत्मीयता, उत्साह और सकारात्मक ऊर्जा का संचार हुआ। उपस्थित वरिष्ठ नागरिकों ने इस पहल को अत्यंत उपयोगी बताते हुए आयोजन की सराहना की।

आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के शिविर न केवल आयुष पद्धति के प्रति जागरूकता बढ़ाते हैं, बल्कि समाज में वरिष्ठ नागरिकों के समग्र स्वास्थ्य संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। भविष्य में भी इस प्रकार के आयोजनों को निरंतर जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया गया।

आयोजकों ने भावुक शब्दों में कहा कि वरिष्ठजनों का आशीर्वाद ही समाज की सबसे बड़ी पूँजी है। उनके सान्निध्य में आकर ऐसा अनुभव हुआ मानो जीवन की जड़ों से पुनः जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ हो। ईश्वर से प्रार्थना है कि हमें बार-बार ऐसे ही सेवा कार्यों में सम्मिलित होने का अवसर प्रदान करें, ताकि समाज के इन आदरणीय स्तंभों के साथ समय बिताने का सौभाग्य निरंतर मिलता रहे।

## होली पर्व के मद्देनज़र 8 खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच, कुल 36 नमूने लिए गए

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। होली पर्व को देखते हुए इंदौर जिले में विशेष सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है तथा अधिक से अधिक खाद्य प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर खाद्य पदार्थों के नमूने लिए जा रहे हैं। इसी क्रम में शुक्रवार को कलेक्टर के निर्देशों के परिपालन में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा जिले में प्रभावी कार्रवाई की गई है।**

खाद्य सुरक्षा प्रशासन के जाँच दल द्वारा पेठा डिलाइट महालक्ष्मी नगर मेन रोड का औचक निरीक्षण कर पेठा के 04 नमूने तथा नमकीन सेव एवं नमकीन मिक्सचर के 02 नमूने, कुल 06 नमूने लिए गए। इसी तरह नरसिंह फूड्स स्नेह नगर (सपना-संगीता) से लॉन्ग सेव, मिक्सचर, पापड़ी, चना दाल एवं नमकीन के कुल 04 नमूने लिए गए। शुभारंभ स्वीट्स ग्राम जाकिया तहसील सांवेर से मिल्क केक, मलाई बर्फी एवं खोपरा पाक के कुल 03 नमूने लिए गए।

श्री कृष्णा डेरी एवं मिष्ठान्न भंडार,



मूसाखेड़ी, इंदौर का निरीक्षण किया गया, जहां प्रोपराइटर श्री अशोक चौधरी खाद्य कारोबार का संचालन करते हुए पाए गए। परिसर में विभिन्न डेयरी उत्पाद एवं मिठाइयों का विक्रय पाया गया। यहां से मिल्क केक, दूध कतली, पेड़ा, मलाई टिकिया एवं रसगुल्ला के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। माखन भोग, अरविंदो के पास, सांवेर रोड, इंदौर से केसरिया पेड़ा, पेड़ा, गुपचुप मिठाई एवं बेसन टिकिया के कुल 04 नमूने लिए गए।

### CM हेल्पलाइन एवं FoSCoS पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों का त्वरित निराकरण

प्राप्त शिकायतों के प्रभावी निराकरण हेतु भी खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा त्वरित कार्रवाई की गई। एम.आर.जैन फूड प्रोडक्ट्स, पालदा का निरीक्षण कर नमकीन के कुल 05 नमूने जांच हेतु लिए गए। ए प्लस फूड प्रा. लि., विक्रम वेयरहाउस, पालदा में प्रभारी श्री राहुल मारन की उपस्थिति में दाल के कुल 05 नमूने लिए गए। कैंटीन श्री प्रभु कृपा अल्पाहार गृह, श्री वैष्णव विद्यापीठ विश्वविद्यालय, उज्जैन रोड, तहसील सांवेर से मूंग मोगर, अरहर दाल, पनीर एवं सौंफ के कुल 04 नमूने लिए गए। सभी नमूनों को परीक्षण हेतु राज्य खाद्य प्रयोगशाला प्रेषित किया जा रहा है। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार अग्रिम वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। होली पर्व के मद्देनजर जिले में खाद्य पदार्थों के सघन जांच अभियान निरंतर जारी रहेगा।

# सराफा बाजार में भी शराबखोरी और छेड़छाड़

## विरोध में उतरे व्यापारियों ने निकाला जुलूस

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। प्रदेश में सोना-चांदी के सबसे बड़े व्यापारिक केंद्र इंदौर के सराफा बाजार में कई असामाजिक तत्व अवैध दलाल बनकर घूम रहे हैं। वे शराबखोरी भी करते हैं और महिलाओं के साथ छेड़छाड़ का खतरा भी बढ़ गया है।**



इस तरह के मामले सामने आने पर शुक्रवार को सराफा व्यापारियों ने बाजार में मौन जुलूस निकाला और पुलिस अफसरों को ज्ञापन भी सौंपा। उनका कहना था कि बाजार में जो अवैध दलाल नजर आएं, पुलिस उनका आपराधिक रिकॉर्ड भी जांचे। सराफा में सोने-चांदी, हीरे-जवाहरात की खरीदी-बिक्री का काम होता है। कई परिवार सोना बेचने भी आते हैं और उनसे दलाल संपर्क करते हैं। सराफा में एक दलाल एसोसिएशन भी बनी है और उनमें पंजीकृत सदस्यों के परिचय पत्र भी बनाए गए हैं। प्रदर्शन करने वाले व्यापारियों ने कहा कि बाजार में कई दलाल अवैध रूप से काम कर रहे हैं। वे खुद भी चोरी का सोना खरीद लेते हैं और फिर किसी व्यापारी का नाम ले लेते हैं। इसके अलावा महिलाओं पर भी अपनी तय दुकानों पर चलने के लिए दबाव बनाते हैं। व्यापारियों ने कहा कि गत दिनों दो दलालों ने मार्केट में शराब के नशे में विवाद भी किया था। अक्सर बाजार बंद होने के बाद दलाल बाजार में रहते हैं और नशाखोरी भी करते हैं। व्यापारी बड़ा सराफा पर एकत्र हुए। उनके हाथों में तख्तियां थीं, जिन पर लिखा था- बाजार को गुंडागर्दी से मुक्त करो, महिलाओं के लिए बाजार सुरक्षित रहे। मौन जुलूस के रूप में व्यापारी सराफा थाने पहुंचे और थाना प्रभारी को ज्ञापन सौंपा। सराफा व्यापारी एसोसिएशन के सचिव बसंत सोनी ने कहा कि हमने पुलिस अफसरों से मांग की है कि वे बाजार में गश्त करें और संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ करें। यदि वे खुद को दलाल बताते हैं तो उनके परिचय पत्र देखें।

# इंदौर निगम में एक भी सफाई संरक्षक नहीं : मंत्री विजयवर्गीय

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)



**इंदौर। मध्य प्रदेश के नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय एक बार फिर विवादों में घिर गए हैं। इंदौर नगर निगम में कर्मचारियों की स्थिति को लेकर विधानसभा में दिए गए उनके जवाब में कई गलतियां मिली हैं। इसको लेकर कांग्रेस ने तो उन्हें कटघरे में खड़ा किया ही है, उनकी खुद की पार्टी बीजेपी भी असहज नजर आ रही है।**

मंत्री विजयवर्गीय ने इंदौर नगर निगम में सफाई संरक्षक के 3900 स्वीकृत पदों को पूरी तरह खाली बताते हुए विधानसभा में कहा था कि निगम में एक भी ऐसा कर्मचारी नहीं है। हकीकत में 1200 से अधिक संरक्षक और 2400 से ज्यादा विनियमित कर्मचारी इंदौर में सफाई का जिम्मा संभाल रहे हैं। इंदौर- 5 सीट से बीजेपी विधायक महेंद्र हार्डिया ने विधानसभा में तारांकित प्रश्न लगाकर इंदौर नगर निगम में स्वीकृत और रिक्त पदों और कार्यरत कर्मचारियों की जानकारी मांगी थी। उन्होंने यह भी पूछा था कि क्या कर्मचारियों की कमी के कारण एक ही अधिकारी को कई विभागों का प्रभार सौंपा गया है? इसके जवाब में विधानसभा में 20 फरवरी को मंत्री विजयवर्गीय ने निगम की सीमा विस्तार का हवाला देते हुए कहा कि अधिकारियों को अतिरिक्त प्रभार दिए गए हैं, क्योंकि अमले की कमी है। उन्होंने वादा किया कि पर्याप्त भर्ती होने पर प्रभार वापस ले लिए जाएंगे। लेकिन इस जवाब के साथ दिए आंकड़ों पर सवाल उठने लगे हैं। विजयवर्गीय के अनुसार, इंदौर नगर निगम में 6312 पद स्वीकृत हैं। इनमें से केवल 1493 भरे हुए हैं और 4819 रिक्त हैं। खासकर सफाई संरक्षकों के 3900 पदों को विजयवर्गीय ने पूरी तरह खाली बताया। वहीं, निगम के आधिकारिक रिकॉर्ड्स के मुताबिक 1200 से ज्यादा सफाई संरक्षक नियमित रूप से काम कर रहे हैं जबकि 2400 से अधिक विनियमित सफाई मित्र शहर की सफाई व्यवस्था चला रहे हैं।

# सकल पंच राठौर समाज के चुनाव : अध्यक्ष पद हेतु गोविंद राठौर ने लिया नामांकन फार्म



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। श्री सकल पंच राठौर समाज इंदौर के आगामी अध्यक्ष पद निर्वाचन को लेकर चुनावी सरगर्मियां तेज हो गई हैं। अध्यक्ष पद के लिए गोविंद राठौर (राठौर क्रांति) ने समाज सेवा के संकल्प के साथ अपनी दावेदारी प्रस्तुत करते हुए नामांकन फार्म प्राप्त किया। फार्म प्राप्ति के पश्चात उन्होंने प्रभु श्रीराम का आशीर्वाद लेकर समाजहित में कार्य करने का संकल्प दोहराया।**

गोविंद राठौर ने कहा कि अध्यक्ष निर्वाचित होने पर वे समाज की धरोहर श्री राम मंदिर, पिंजारा बाखल के निर्माण कार्य को प्राथमिकता के साथ प्रारंभ करेंगे तथा भगवान श्रीराम को पूर्ण विधि-विधान से पुनः विराजित करने का प्रयास करेंगे। साथ ही सकल पंच के अन्य महत्वपूर्ण कार्यों को सभी समाजजनों को साथ लेकर पूर्ण करने का लक्ष्य रखा है। उन्होंने समाज के वरिष्ठजनों से सहयोग एवं आशीर्वाद प्राप्त करने के लिए घर-घर संपर्क अभियान भी शुरू कर दिया है। समाज के विभिन्न परिवारों से उन्हें सकारात्मक समर्थन मिल रहा है। युवा समाजसेवी चेतन राठौर के अनुसार इस अवसर पर समाज संरक्षक हरीश राठौर 'लड्डू बाबा', शुभम राठौर एवं निलांशु राठौर (बल्लू) भी उपस्थित रहे। बताया गया कि गोविंद राठौर ने पंकज राठौर से 11,000 रुपये की राशि देकर नामांकन फार्म प्राप्त किया।

# छत से गिरकर युवती घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। खजराना क्षेत्र में गुरुवार अलसुबह एक युवती पहली मंजिल की छत से गिरकर घायल हो गई। उसे उपचार के लिए नजदीकी निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में खजराना पुलिस ने युवती और उसके परिजनों के बयान दर्ज कर आरोपी अनिकेत के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।

पुलिस के अनुसार युवती को उसके परिचित युवक अनिकेत उर्फ टिक्की ने फोन कर छत पर मिलने के लिए बुलाया था। बताया जा रहा है कि दोनों के बीच पहले से जान-पहचान थी। युवती के परिजनों ने शिकायत में बताया कि बातचीत के दौरान अनिकेत ने युवती को अपने साथ चलने के लिए कहा। युवती के इंकार करने पर उसने अपशब्द कहे और मारपीट शुरू कर दी। युवती द्वारा शोर मचाने पर घर के सदस्य छत की ओर दौड़े। आरोप है कि इसी दौरान अनिकेत ने युवती को धक्का दे दिया और मौके से फरार हो गया। रेलिंग के पास खड़ी युवती संतुलन बिगड़ने से पहली मंजिल से नीचे गिर गई। पीड़िता के पिता की शिकायत पर खजराना पुलिस ने अनिकेत उर्फ टिक्की के खिलाफ छेड़छाड़ और जान से मारने की नीयत से धक्का देने की धाराओं में मामला दर्ज किया है। पुलिस का कहना है कि आरोपी क्षेत्र का ही निवासी है और उसकी तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

# गैंगस्टर लाला की भाभी ने सुसाइड किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

इंदौर। शुक्रवार को हिस्ट्रीशीटर सलमान लाला के परिवार से जुड़ा एक मामला सामने आया है। उनकी भाभी साईदा पति शादाब लाला ने कथित रूप से आत्महत्या कर ली। वह संजय सेतु के पास बेसुध हालत में मिली थीं। राहगीरों की सूचना पर उन्हें तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। जानकारी के मुताबिक साईदा निवासी खजराना शुक्रवार को संजय सेतु इलाके में अचेत अवस्था में पड़ी मिलीं। मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि उन्होंने जहरीला पदार्थ सेवन किया हो सकता है, हालांकि इसकी पुष्टि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट के बाद ही होगी। बताया जा रहा है कि सलमान लाला की पहले ही मौत हो चुकी है। इसके बाद शादाब लाला अपने परिवार के साथ खजराना क्षेत्र में रहने लगा था। हाल ही में वह जमानत पर जेल से बाहर आया था। पुलिस कस्टडी में कुछ माह पहले सलमान लाला की मौत हो गई थी। इसके बाद उसके परिवार के लोगों ने पुलिसकर्मियों पर आरोप लगाए थे। सलमान की अंतिम यात्रा में हजारों लोग सड़को पर आए थे। सलमान पर 25 से ज्यादा मामले दर्ज है सलमान और उसके भाई शादाब के भी अपराधिक रिकॉर्ड है। उनका परिवार एमआईजी इलाके के छोटी खजरानी इलाके में रहता है। आत्महत्या के बिंदुओ को लेकर पुलिस जांच कर रही है।

# शादी का झांसा देकर नर्सिंग छात्रा से रेप...

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। लसूड़िया थाना क्षेत्र में नर्सिंग की पढ़ाई कर रही एक छात्रा ने अपने परिचित युवक पर शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने युवती की शिकायत पर आरोपी रोहित मालवीय के खिलाफ गुरुवार को एफआईआर दर्ज कर ली है और उसकी तलाश शुरू कर दी है।**



पीड़िता के अनुसार रोहित उसके भाई का दोस्त है और पिछले करीब पांच वर्षों से दोनों की जान-पहचान थी। आरोपी का घर आना-जाना था, इसी दौरान दोनों के बीच दोस्ती हो गई। युवती का आरोप है कि रोहित ने उससे शादी का वादा किया था। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि अक्टूबर 2021 में रोहित उसे घुमाने के बहाने खजराना गणेश मंदिर ले गया। इसके बाद बाइक से घुमाते हुए एक होटल में ले गया, जहां करीब दो घंटे रुकने के दौरान शादी का भरोसा दिलाकर शारीरिक संबंध बनाए। युवती का कहना है कि अक्टूबर 2025 तक आरोपी उससे कई बार मिलता रहा और संबंध बनाता रहा, लेकिन हर बार शादी की बात टालता रहा। 12 जनवरी को जब उसने आखिरी बार शादी के संबंध में बात की, तो आरोपी ने उसे टाल दिया और मोबाइल नंबर ब्लॉक कर दिया। पीड़िता ने बताया कि कई बार संपर्क करने की कोशिश के बावजूद बात नहीं हो सकी, जिसके बाद उसने पूरी घटना की जानकारी अपने परिजनों को दी। परिवार के साथ थाने पहुंचकर शिकायत दर्ज कराई गई। लसूड़िया पुलिस का कहना है कि मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश की जा रही है। मामले की जांच जारी है।

# टीआई ने नोज क्लब में डीजे बंद कराया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट, (नप्र)

**इंदौर। अपोलो हाई स्ट्रीट बिल्डिंग के टॉप फ्लोर के नोज क्लब में गुरुवार रात 11 बजे लसूड़िया टीआई तारेश सोनी अपनी टीम के साथ पहुंचे। उन्होंने क्लब में चल रहे डीजे सिस्टम को बंद कराया और वहां मौजूद लोगों को घर जाने के निर्देश दिए। टीआई ने क्लब प्रबंधन को बताया कि तेज आवाज में साउंड चलाने की निर्धारित समय सीमा रात 10:30 बजे तक है। इसके बावजूद रात 11 बजे तक तेज आवाज में डीजे चल रहा था, जो नियमों का उल्लंघन है।**

टीआई तारेश सोनी ने कहा कि इस समय बच्चों की बोर्ड परीक्षाएं चल रही हैं। तेज आवाज का साउंड आसपास के घरों और कॉलोनियों तक पहुंच रहा है, जिससे बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है। पुलिस ने क्लब के मैनेजर को सख्त चेतावनी दी कि भविष्य में नियमों का उल्लंघन करने पर वैधानिक कार्रवाई की जाएगी। नोज क्लब और आसपास के अन्य क्लबों में देर रात तक तेज आवाज में साउंड चलने की शिकायतें मिलती रही हैं। करीब सात दिन पहले भी रात 12 बजे तक तेज साउंड चलने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ था। इससे पहले भी पुलिस द्वारा होटल, गार्डन और क्लब संचालकों को गाइडलाइन का पालन करने के निर्देश दिए जा चुके हैं। इसके बावजूद नियमों का उल्लंघन होने पर पुलिस को मौके पर पहुंचकर साउंड बंद कराना पड़ रहा है।

### मुख्यमंत्री डॉ. यादव आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ के स्थानीय भगोरिया पर्व में हुए शामिल

# उमंग और सामाजिक स्नेह का जीवंत महोत्सव है भगोरिया पर्व

## पारंपरिक वेषभूषा, आभूषण और मांदल की थाप में रचा-बसा भगोरिया उत्सव

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि फाल्गुन मास के रंगों, मांदल की थाप और जीवन-प्रेम की उमंग से सराबोर भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, सामाजिक स्नेह और परंपरागत जीवन मूल्यों का जीवंत उत्सव है। इसको प्रत्यक्ष रूप से भगोरिया पर्व में शामिल होकर जिया जा सकता है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि अलीराजपुर के उदयगढ़ भगोरिया पर्व स्थल पर पारंपरिक लोकधुनों, नृत्य और उल्लासपूर्ण वातावरण ने सम्पूर्ण क्षेत्र को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।



मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भगोरिया पर्व जनजातीय संस्कृति, प्रेम और सामाजिक समरसता का प्रतीक है। मध्यप्रदेश सरकार जनजातीय परंपराओं के संरक्षण एवं संवर्धन के लिए पूर्णतः प्रतिबद्ध है और ऐसे सांस्कृतिक आयोजनों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है। विरासत को विकास की राह पर ले जाने के संकल्प के साथ इस उल्लासमय पर्व को गरिमा और भव्यता के साथ मनाया गया। यह आयोजन जनजातीय संस्कृति की सशक्त पहचान और राज्य सरकार की संवेदनशील सोच को प्रतिबिंबित करता है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव का जनजातीय समाज एवं स्थानीय नागरिकों द्वारा पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव का मंत्री जनजातीय संस्कृति के प्रतीक तीर कमान भेंट किया। प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा पुष्प-गुच्छ से स्वागत किया गया। मंत्री श्री द्वारा मंच से सभी को राष्ट्रीय पर्व भगोरिया की शुभकामनाएं दीं। अनुसूचित जाति कल्याण मंत्री नागर सिंह ने कहा कि आलीराजपुर जिले के उदयगढ़ में आयोजित स्थानीय भगोरिया पर्व में मुख्यमंत्री डॉ. यादव की सहभागिता से उत्सव का उल्लास और अधिक बढ़ गया।

भगोरिया उत्सव में जनजातीय युवक-युवतियां रंग-बिरंगी पारंपरिक वेषभूषा में सजे-धजे दिखाई दिए। पुरुष वर्ग पारंपरिक धोती, अंगोछा एवं साफा धारण किए हुए थे, जबकि महिलाएं कांचली, घाघरा, ओढ़नी तथा पारंपरिक कढ़ाईयुक्त परिधानों में सुसज्जित रहीं। चांदी के हार, हांसली, कड़े, पायल, बिछिया एवं अन्य पारंपरिक आभूषणों की झंकार ने पर्व को भव्यता प्रदान की। मांदल, ढोल एवं अन्य पारंपरिक वाद्य यंत्रों की थाप पर कुर्ता कुर्राटियों के साथ लोकनृत्य करते जनजातीय समाज, सामूहिक उल्लास और आपसी मेल-जोल ने भगोरिया के माहौल को जीवंत एवं स्मरणीय बना दिया। इस अवसर पर पूर्व सांसद गुमानसिंह डामोर, पूर्व विधायक माधोसिंह डावर, विशाल रावत, जिला पंचायत अध्यक्ष, जनपद अध्यक्ष, संभागायुक्त इंदौर डॉ सुदाम खाड़े, कलेक्टर श्रीमती नीतू माथुर, पुलिस अधीक्षक, प्रशासनिक अधिकारीगण, स्थानीय नागरिक तथा बड़ी संख्या में जनजातीय समाज के लोग उपस्थित रहे। सम्पूर्ण क्षेत्र में उत्सव, उल्लास और सांस्कृतिक चेतना का वातावरण व्याप्त रहा।

## बसों के जरिये 9 करोड़ की टैक्स चोरी

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर, एजेंसी।** आर्थिक अपराध प्रकोष्ठ (जबलपुर की टीम ने यात्री बसों की टैक्स चोरी के मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए गुरुवार रात को बस मालिकों और परिवहन विभाग के कर्मचारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। यह मामला करीब नौ करोड़ रुपए की आर्थिक क्षति से जुड़ा है। ईओडब्ल्यू ने डिंडोरी जिले के बस संचालक संजय केशवानी और साधना केशवानी के साथ ही जिला परिवहन कार्यालय डिंडोरी में पदस्थ (वर्तमान में नरसिंहपुर में पदस्थ) लिपिक पुष्प कुमार प्रधान के खिलाफ धारा 318(4), 61(2), 238(सी) बीएनएस 2023 एवं धारा 7(सी) के तहत मामला दर्ज किया है। ईओडब्ल्यू ने विस्तृत जांच शुरू कर दी है। आने वाले दिनों में इस मामले में और खुलासे होने की संभावना जताई जा रही है।

## बोत्सवाना से 8 चीते मप्र आएंगे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**श्योपुर, एजेंसी।** बोत्सवाना से आठ चीतों की खेप शनिवार को मध्यप्रदेश आएगी। केंद्रीय वन मंत्री चीतों को कूनो नेशनल पार्क के बाड़े में रिलीज करेंगे। इनमें 6 मादा और दो नर शामिल हैं। इसके साथ ही भारत में चीतों की संख्या 39 से बढ़कर 47 हो जाएगी। इसे लेकर कूनो में तैयारियां पूरी हो चुकी हैं। केन्द्रीय मंत्री सुबह 7.30 बजे नई दिल्ली से विशेष विमान से रवाना होकर प्रातः 8.30 बजे ग्वालियर स्थित राजमाता विजयाराजे सिंधिया एयरपोर्ट पहुंचेंगे। यहां से 8.50 बजे ग्वालियर से हेलिकॉप्टर की मदद से कूनो नेशनल पार्क के लिए प्रस्थान करेंगे। प्रातः 9.20 बजे कूनो स्थित हेलिपेड पहुंचेंगे। यहां बोत्सवाना से लाए जा रहे चीतों को कूनो पार्क में छोड़ेंगे। इसके बाद वन मंत्री सुबह 10 बजे ग्वालियर के लिए प्रस्थान करेंगे।

## आजाद को दी श्रद्धांजलि

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने मध्यप्रदेश की माटी के लाल और स्वतंत्रता संग्राम के महानायक, अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद की पुण्यतिथि पर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने अमर शहीद चंद्रशेखर आजाद के चरणों में नमन करते हुए कहा कि उन्होंने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा में समर्पित कर दिया था। उनके कृतित्व और व्यक्तित्व से प्रत्येक देशभक्त को ऊर्जा, संकल्प और सेवा की प्रेरणा मिलती रहेगी।

# महाकाल मंदिर में रंग-गुलाल बैन श्रद्धालु नहीं खेल सकेंगे होली

## उज्जैन में दो दिन जांच के बाद ही प्रवेश, गुलाल से भड़की आग में 14 झुलसे थे

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**उज्जैन, एजेंसी। उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग मंदिर में होली पर रंग-गुलाल ले जाने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया गया है। मंदिर परिसर और महाकाल लोक में श्रद्धालु होली नहीं खेल सकेंगे। 2 और 3 मार्च को श्रद्धालुओं को सख्त जांच के बाद ही प्रवेश मिलेगा।**

यह फैसला साल 2024 की धुलेंडी पर भस्म आरती के दौरान लगी आग की घटना के बाद लिया गया है। उस हादसे में पुजारी सहित करीब 14 लोग झुलस गए थे। इसी को ध्यान में रखते हुए मंदिर समिति ने इस बार विशेष दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

### पूरे परिसर में रंग पर पूर्ण रोक

गर्भगृह, नंदी मंडपम्, गणेश मंडपम्, कार्तिकेय मंडपम् सहित संपूर्ण मंदिर परिसर और महाकाल लोक क्षेत्र



में किसी भी प्रकार का रंग-गुलाल ले जाना प्रतिबंधित है। रंग उड़ाना या विशेष उपकरण से रंग फैलाना और एक-दूसरे को रंग लगाना पूरी तरह वर्जित रहेगा।

**सिर्फ प्रतीकात्मक रूप से अर्पित होगा गुलाल-** भगवान श्री महाकालेश्वर की त्रिकाल आरती में प्रत्येक आरती के दौरान 1-1 किलोग्राम हर्बल गुलाल प्रतीकात्मक रूप से अर्पित किया जाएगा। यह गुलाल मंदिर की कोठार शाखा द्वारा भस्म आरती, शयन आरती और शासकीय पुजारियों को उपलब्ध कराया जाएगा।

### कर्मचारियों और पुजारियों पर भी लागू नियम

1. पुजारी, पुरोहित, प्रतिनिधि, अधिकारी, पुलिसकर्मी, कर्मचारी, सुरक्षाकर्मी, सफाईकर्मी और आउटसोर्स स्टाफ रंग-गुलाल लेकर प्रवेश नहीं करेंगे।
2. सभी को अपने सामान की जांच कराकर ही परिसर में प्रवेश मिलेगा।
3. आपस में रंग लगाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

### हर द्वार पर जांच, CCTV से निगरानी

1. सभी प्रवेश द्वारों पर तैनात निरीक्षक और सुरक्षाकर्मी श्रद्धालुओं की जांच करेंगे।
2. मंदिर कंट्रोल रूम से CCTV कैमरों के जरिए संपूर्ण परिसर की लगातार मॉनिटरिंग होगी।
3. किसी भी प्रकार के रंग या विशेष उपकरण के प्रवेश और उपयोग को तुरंत रोका जाएगा।

# ट्रेनों में लंबी वेटिंग के बीच बस हड़ताल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल, एजेंसी।** होली के त्योहार के चलते ट्रेनों में पहले से लंबी वेटिंग की स्थिति बनी हुई है। कई प्रमुख रूटों पर कन्फर्म टिकट मिलना मुश्किल हो रहा है। ऐसे समय 2 मार्च को प्रस्तावित बस हड़ताल ने यात्रियों की चिंता बढ़ा दी है।प्रदेशभर में करीब 20 हजार बसें बंद रहेंगी, जबकि सामान्य दिनों में 12 से 15 हजार बसों का संचालन होता है। यानी एक दिन के लिए लगभग पूरा निजी बस परिवहन ठप रहेगा। मध्य प्रदेश बस ऑनर एसोसिएशन के महामंत्री जय कुमार जैन ने कहा कि परिवहन विभाग की दमनकारी नीतियों के विरोध में मजबूर होकर बस मालिकों को हड़ताल पर जाना पड़ रहा है। बता दें कि मध्य प्रदेश के 55 जिलों में 2 मार्च यानी होली से ठीक 2 दिन पहले बसों की हड़ताल होगी। इसमें प्रदेश की 20 हजार बसें शामिल होंगी। मध्य प्रदेश बस ऑपरेटर्स एसोसिएशन के मुताबिक, प्रदेश में 12 हजार 780 परमिट वाली जबकि 7 हजार से अधिक कॉन्ट्रेक्ट वाली बसें हैं।

# संपादकीय

## तथ्यों की कमी और गिरफ्तारी की जल्दबाजी जांच एजेंसियों को बड़ा सबक

दिल्ली के आबकारी नीति से संबंधित करप्शन मामले में दिल्ली के पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल और डिप्टी सीएम मनीष सिसौदिया समेत अन्य को दिल्ली की निचली अदालत ने आरोप मुक्त कर दिया है और इसके साथ ही सीबीआई की जांच घेरे में आ गई है। इस मामले में जब सुप्रीम कोर्ट ने केजरीवाल को जमानत दी थी तब भी सीबीआई को फटकार लगाई थी और कहा था कि सीबीआई को पिंजरे के तोते वाली धारणा से खुद को दूर रखना होगा और अब निचली अदालत ने मामले में चार्ज के स्टेज पर ही सभी को आरोपमुक्त कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने जब केजरीवाल को जमानत दी थी तभी सीबीआई को कड़ी फटकार लगाई थी। अब निचली अदालत ने केजरीवाल और सिसोदिया के केस को ट्रायल चलाने योग्य भी नहीं माना। निचली अदालत ने कड़े शब्दों का प्रयोग किया है और सीबीआई को जांच में हुई खामियों के लिए फटकार लगाई है। अदालत का कहना है कि चार्जशीट में तमाम खामियां हैं और गवाहों के बयान से मामले को सपोर्ट नहीं मिल रहा है। सीबीआई पहली नजर में इस केस को साबित करने में विफल रही है। चार्जशीट तमाम आपसी विरोधाभास से भरी हुई है। करप्शन केस में जब सुप्रीम कोर्ट ने अरविंद केजरीवाल की जमानत पर सुनवाई की और फैसला दिया था तब भी सीबीआई को जमकर फटकार लगाई थी। सुप्रीम कोर्ट ने 13 सितंबर 2024 को दिल्ली के सीएम केजरीवाल को जमानत देते हुए कहा था कि केजरीवाल को हिरासत में रखना उन्हें स्वतंत्रता के अधिकार से वंचित करने जैसा होगा। साथ ही सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की भी जमकर खिंचाई की थी। कहा था कि सीबीआई को निश्चित ही पिंजरे के तोते वाली धारणा से खुद को दूर करना होगा। जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस उज्जवल भुइयां की बेंच ने एकमत से जमानत देने का फैसला किया था और कहा था कि भविष्य में ट्रायल जल्दी पूरा होने की कोई संभावना नहीं है। सुप्रीम कोर्ट ने यह भी कहा था कि सीबीआई ने गिरफ्तारी की जो अर्जेंसी दिखाई वह समझ से परे है। यह गिरफ्तारी जस्टिफाई नहीं है। केजरीवाल को सख्त प्रावधान वाले मनी लॉन्ड्रिंग केस में जमानत मिल चुकी थी और उसके बाद सीबीआई द्वारा करप्शन केस में की गई गिरफ्तारी के बाद उनकी हिरासत संतुष्टिदायक नहीं थी। जस्टिस भुइया ने सीबीआई को याद दिलाते हुए कहा कि उनकी ड्यूटी है कि मामले में वह निष्पक्ष जांच करें। जस्टिस भुइया ने कहा कि एजेंसी इस बात को गिरफ्तारी का आधार नहीं बता सकता है कि आरोपी ने पूछताछ के दौरान गोलमोल सा जवाब दिया। वही इससे पहले 9 अगस्त 2024 को सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली अबकारी नीति से संबंधित करप्शन और मनी लॉन्ड्रिंग केस में आरोपी व दिल्ली के पूर्व डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को जमानत दे दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि सीबीआई और ईडी द्वारा दर्ज केस के ट्रायल में अभी देरी है लिहाजा सिसोदिया को जमानत दी जाती है।

### मुंशी प्रेमचंद की कहानी

# एक आंच की कसर

पूरी नगरी में श्रीमान यशोदानंद की खूब चर्चा हो रही थी। उनकी कीर्ति के बारे में नगरवासी ही नहीं, बल्कि अखबारों में तक लोग लिख रहे थे। उन्हें बधाई देने के लिए उनके घर के बाहर लोगों की भीड़ जमा थी। यही तो होती है समाज सेवा, जो इंसान को इतना मान-सम्मान दिला दे। ऊंचे विचार के लोग अक्सर ही अपने समुदाय के लोगों का सिर इसी तरह से ऊंचा कर देते हैं। अब कोई किसी को यह नहीं कह सकेगा कि नेता सिर्फ बातें बनाते हैं और काम नहीं करते। इन्होंने ऐसा कार्य करके साबित कर दिया है कि ये धन-दौलत से ही धनी नहीं हैं, बल्कि सोच से भी हैं।

यह चाहते तो अपने बेटे की शादी में दहेज भी ले सकते थे, लेकिन अपने सिद्धांत पर किस तरह से खड़ा रहना चाहिए, यह इन्होंने पूरी दुनिया को सिखाया है। दहेज में एक रुपये भी न लेकर यशोदानन्द ने बता दिया कि वो साहसी भी हैं और उन्हें अपने सिद्धांतों से खूब प्रेम भी है। इन्होंने वो किया है जो कोई न कर सका। ऐसा करके यशोदानंद ने सबका सिर गर्व से ऊंचा कर दिया।

श्रीमान यशोदानंद के दो बेटे थे। एक बेटा स्नातक की पढ़ाई पूरी करके विद्वान बन चुका था। उसी की शादी हुई और वो भी बिना किसी दहेज। आज दूल्हे का तिलक हुआ, जिसमें कई सम्मानित लोग आए थे। महफिल जमाने के लिए कुछ लोग सितार का हुनर दिखा रहे थे। सब लोग यशोदानंद को बधाइयां दे रहे थे और दावत भी तैयार थी।

एक व्यक्ति ने यशोदानंद से कहा, "आपने कमाल करके दिखा दिया।"

दूसरे मेहमान बोले, "सिर्फ कमाल नहीं, इन्होंने झंडे गाड़ दिए हैं। लोग दहेज के खिलाफ सिर्फ बोलते हैं, लेकिन इन्होंने कर दिखाया है।"

फिर तीसरे अतिथि कहने लगे, "लोग पहले दहेज ले लेते हैं और फिर उस पर पर्दा डालने के लिए कहते हैं कि मुझे नफरत है दहेज से, लेकिन लड़की की दादी, मां या कोई तीसरा नहीं माना।"

तभी चौथे सम्मानित पुरुष बोल पड़े, "आप जानते नहीं कितने तो ऐसे लोग हैं, जो कहते हैं कि हमने अपने बेटे की पढ़ाई में खर्च किया है। उस पैसे को तो वापस लेना ही था। उन्हें सुनकर लगता है कि उन्होंने बेटे की शिक्षा पर खर्च करने की जगह पैसा बैंक में जमा करवाया हो।

सबको सुनने के बाद पांचवें व्यक्ति कहते हैं, "मुझे समझ आ रहा है कि आप सब लोग मुझे सुना रहे हैं। क्या सारा दोष लड़के वालों का होता है? लड़की वालों का कोई दोष नहीं है?

यह सुनते ही बात को शुरू करने वाले पहले सज्जन ने पूछा, "इसमें लड़की वालों का दोष कैसे? सिर्फ इतना कि वो लड़की के परिवार वाले हैं?

दूसरे मेहमान ने भी पांचवें से सवाल किया, "हां, सारा दोष भगवान का है कि उसने लड़कियों की रचना की है, क्यों?

तभी पांचवां व्यक्ति बोला, "मैंने ऐसा नहीं कहा कि सारा दोष लड़की वालों का है, लेकिन लड़की और लड़के वाले दोनों ही बराबर के दोषी हैं। लड़की वाले पैसा नहीं देंगे, तो कम-से-कम उन्हें ऐसी शिकायत करने का भी हक नहीं होगा कि लड़की के लिए अच्छा दुल्हन का जोड़ा क्यों नहीं लाए, बाजे-गाजे अच्छे क्यों नहीं हैं। क्यों?

चौथे इंसान ने कहा, "आपकी बात पर गौर करना चाहिए।"

फिर पांचवां कहने लगा, "बस तो आपको मानना होगा कि लड़कों के तरफ से दिए जाने वाले गहने, जोड़े भी दहेज की तरह ही एक ऐसी प्रथा है, जिनका त्याग होना चाहिए।"

यह सब सुन रहे यशोदानंद ने कहा, "यह सब बेकार की बहानेबाजी है। मैंने दहेज नहीं लिया, तो क्या मैं अपनी बहू के लिए गहने और कपड़े नहीं ले जाऊंगा?"

इतने में इस बातचीत की शुरुआत करने वाला पहला व्यक्ति बोला, "आपकी बात एकदम अलग है। हम जैसे आम लोगों में आप नहीं आते हैं। आपकी गिनती देवताओं में होनी चाहिए।"

दूसरे ने जवाब में सिर हिलाते हुए कहा, "आपने दहेज की इतनी बड़ी रकम छोड़ दी। बहुत खूब"

यशोदानंद तभी बोल पड़े, "मेरी बड़ाई मत कीजिए। मेरा साफ मानना है कि इंसान को अपने सिद्धांत पर ही चलना चाहिए। सिद्धांत के सामने पैसों का कोई मोल नहीं होता है। मैंने भरी सभा में कभी दहेज जैसी कुप्रथा के बारे में कुछ नहीं कहा, लेकिन इस प्रस्ताव पर कॉन्फ्रेंस में मैंने हामी भरी थी और मैं इससे बंध चुका हूं। मैं चाहकर भी दहेज नहीं ले सकता हूं। मेरी आत्मा मुझे कभी ऐसा नहीं करने देगी और कभी ऐसा कर लिया, तो मुझे मानसिक रूप से इतना पीड़ा होगी कि मैं सहन नहीं कर पाऊंगा।

पांचवां व्यक्ति एकदम से बोल पड़ा, "आपके इस कार्य के लिए कॉन्फ्रेंस में आपको सभापति नहीं बनाया गया, तो गलत होगा।

यशोदानंद जवाब देते हैं, "मैंने दहेज न लेना का फैसला खुद से किया है। इसके लिए मुझे किसी तरह की पहचान मिले या नहीं, कोई फर्क नहीं पड़ता।

इसी बीच शाहजहांपुर से स्वामी दयाल तिलक लेकर आ गए। सभी उन्हीं के इंतजार में थे। उन्होंने पूरे रीति रिवाज के साथ तिलक किया। उसके बाद दहेज को कुप्रथा बताते हुए यशोदानंद भाषण देने लगे। साफ पता चल रहा था कि उन्होंने भाषण की पूरी तैयारी कर रखी थी।

उन्होंने कहा कि पहले दहेज जैसी कोई प्रथा नहीं थी। बादशाहों के जमाने से यह कुप्रथा शुरू हुई। उस समय सारे नौजवान युवक सेना में चले जाते थे, जिससे लड़के कम होने लगे और दहेज से लड़कों का तोल-मोल का चलन शुरू हुआ। अब यह कुप्रथा इतनी बड़ी हो गई है कि मेरी छोटी सी कोशिश को लेकर इतनी ज्यादा चर्चा हो रही है। मैंने किसी तरह का असाधारण कार्य नहीं किया है। हर कोई यह काम कर सकता है। यह प्रथा जल्द-से-जल्द खत्म होनी चाहिए।

यशोदानंद का भाषण थोड़ा लंबा था, लेकिन लोगों ने उनकी खूब तारीफ की। उसके बाद उन्होंने अपने सात साल के बेटे परमानंद के हाथ में एक पत्र देकर उसे मंच पर खड़ा कर दिया। शायद वो बताना चाहते थे कि उनके घर का सबसे छोटा बेटा भी कितना बुद्धिमान है। वैसे सभाओं में छोटे बच्चों द्वारा अभिनंदन पत्र पढ़ना आम था।

तिलक के कामकाज को देखने के लिए यशोदानंद थोड़ा आगे चले गए और परमानंद ने पत्र पढ़ना शुरू किया।

नमस्कार,

आपके पत्र से ऐसा मालूम होता है कि आपको मुझ पर थोड़ा भी भरोसा नहीं है। मैं कसम खाता हूं कि पैसों की बात इतनी गुप्त रहेगी कि किसी को कुछ पता नहीं चलेगी। वैसे इसे राज रखने से आपका खूब नाम होगा, लेकिन मेरी काफी बदनामी होगी। अब इस लेनदेन को गुप्त रखने से मेरी जो बदनामी दुनिया में होगी उसके लिए आप 25 में से 5 कम करने की मुझ पर कृपा करें।

भले ही यशोदानंद दूर था, लेकिन उसके कान में 25 से 5 कम करने वाली बात पड़ गई। यह सुनते ही वो दौड़कर अपने बेटे के पास गया और कहने लगा कि नालायक ये क्या पढ़ रहे हो। यह तो कुछ कानूनी कागज है।

यह सुनकर एक व्यक्ति ने कहा कि पढ़ने दीजिए न। ऐसा कानूनी कागज हमने कभी नहीं सुना और इसे सुनने में जो मजा है वो बहुत ही अलग है।

तभी यशोदानंद की बढ़ाई में बात शुरू करने वाले पहले मेहमान ने परमानंद से पूछा, "बेटा, तुम्हें यह कागज कहां से मिला?"

उसने जवाब दिया, "मेज की दराज में यह रखा हुआ था। इन्होंने मुझे पहले ही कहा था कि कमरे में पत्र रखा है पढ़ लेना। जब पढ़ा, तो गुस्सा करने लगे।

यशोदानंद ने कहा, "नालायक वो यह कागज था। इसे मेज के ऊपर रखा था मैंने। तुम्हें किसने दराज खोलने के लिए बोला था।"

इतना कहकर गुस्से से यशोदानंद अपने बेटे परमानंद की तरफ देखने लगा। पहले व्यक्ति ने कहा, "साहब! ये आकाशवाणी थी। अब कोई फायदा नहीं सारा भांडा फूट चुका है।

तभी अन्य लोग कहने लगे कि यह भी ऐसा ही निकला। चलो, अब सब अपने-अपने घर चलते हैं।

दूसरा व्यक्ति बोला, "इसी को तो नेतागिरी कहते हैं। किसी तरह से अपना उल्लू सीधा कर लेते हैं। पता ही नहीं चलता। चलिए, चलते हैं अब।

यशोदानंद ने लोगों को रोकते हुए कहा, "अरे, बैठिए दावत तैयार है। पत्तल भी लग गए हैं। कुछ खाकर ही जाइयेगा।

तीसरे इंसान ने एकदम पूछा, "आपको इस तरह की हरकत करते हुए शर्म नहीं आई? इतना सम्मान जो मिला था, वो असली त्याग से मिलता है। इस कदर धोखाधड़ी से नहीं।

चौथे व्यक्ति ने कहा, "नहीं-नहीं इन्हें धोखाधड़ी से ही मिल गया था सब कुछ। बस एक आंच की कसर रह गई सब कुछ में।"

पांचवां अतिथि बोला, "झूठा दिखावा करने वालों को भगवान इसी तरह से सजा देते हैं।"

इतना कहकर लोग यशोदानंद के घर से चले गए और वो अपने बेटे को गुस्से से देखता रह गया।


उधर, रास्ते में जाते हुए लोग यशोदानंद के घर हुए उस पूरे नाटक के बारे में कहने लगे कि पढ़े-लिखे, धनी और विद्वान लोग भी ऐसी हरकत करते हैं। इन्हें पैसा लेना ही था, तो खुलकर लेते कोई रोक थोड़ी रहा था। इस तरह से दिखावा करके लोगों को क्या जताना चाहते थे। इन्हें पैसा भी कमाना है और मुफ्त की इज्जत भी चाहिए।

इसपर एक व्यक्ति ने कहा कि अब मुझे यशोदानंद पर दया आ रही है। उसने इतना सब कुछ रचा और अपना झूठ छुपाया, लेकिन आखिर में सब कुछ सामने आ ही गया। बस एक आंच की कसर रह गई, इन सबमें।

### कहानी से सीख :

झूठ-फरेब की उम्र लंबी नहीं होती। सच कभी-न-कभी सामने आ ही जाता है। सच सामने आने का रास्ता खुद ढूंढता और झूठ का भांडा फोड़ देता है। दूसरी सीख यह मिलती है कि दहेज एक कुप्रथा है, जिसे किसी को भी बढ़ावा नहीं देना चाहिए।

## रंग भरो



Rajasthan

# पोखरण में आईएएफ का पावर शो: 'वायुशक्ति' में दिखी मारक क्षमता, ऑपरेशन सिंदूर की कहानी दोहराई

**पोखरण, (एजेंसी)** इंडियन एयरफोर्स ने राजस्थान के पोखरण फायरिंग रेंज में आयोजित 'एक्सरसाइज वायुशक्ति-2026' के दौरान अपनी युद्धक क्षमता का व्यापक प्रदर्शन किया। इस हाई-प्रोफाइल अभ्यास में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह और वायुसेना प्रमुख एपी सिंह मौजूद रहे। अभ्यास के दौरान सटीक हमले, लंबी दूरी की स्ट्राइक, रनवे और रडार को निष्क्रिय करने जैसी क्षमताओं का प्रदर्शन किया गया। यह ड्रिल आधुनिक युद्ध परिस्थितियों में वायुसेना की तैयारी को दर्शाती है। अभ्यास से पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने जैसलमेर एयरफोर्स स्टेशन से स्वदेशी लाइट कॉम्बैट



हेलीकॉप्टर 'प्रचंड' में करीब 25 मिनट की उड़ान भरी। यह उनका पहला अटैक हेलीकॉप्टर अनुभव था। उड़ान के दौरान हेलीकॉप्टर ने रेगिस्तानी इलाके में सिमुलेटेड टारगेट पर अटैक प्रोफाइल को प्रदर्शित किया। राष्ट्रपति ने विजिटर बुक में लिखा कि 'प्रचंड' में उड़ान उनके लिए गर्व का क्षण रहा और यह आत्मनिर्भर भारत की रक्षा क्षमताओं का प्रतीक है।

**फाइटर जेट्स और मिसाइल सिस्टम का प्रदर्शन-** अभ्यास में आधुनिक लड़ाकू विमानों और एयर डिफेंस सिस्टम्स ने अपनी ताकत दिखाई: राफेल ने सुपरसोनिक फ्लाईपास्ट और लंबी दूरी की स्ट्राइक क्षमता का प्रदर्शन किया। Su-30MKI ने गहराई तक हमला करने और भारी हथियारों के इस्तेमाल की क्षमता दिखाई।

Haryana

# सर्जिकल स्ट्राइक पर लिखा निबंध तो छात्र को किया फेल

**चंडीगढ़, (एजेंसी)** हरियाणा के सोनीपत स्थित ओपी जिंदल ग्लोबल यूनिवर्सिटी के एक एसोसिएट प्रोफेसर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तुलना कथित तौर पर एडॉल्फ हिटलर से की। इस पर प्रोफेसर को लेकर एक सेमेस्टर के लिए निलंबित कर दिया गया है। एक छात्र के पिता की ओर से हरियाणा मानवाधिकार आयोग में शिकायत दायर करने के बाद प्रोफेसर को निलंबित किया गया। छात्र के पिता ने आरोप लगाया था कि उनके बेटे को लगातार उत्पीड़न, अपमान और भेदभावपूर्ण व्यवहार का सामना करना पड़ रहा है। इससे उसके मानसिक स्वास्थ्य और शैक्षणिक प्रदर्शन पर बुरा असर पड़ रहा है। ग्रेजुएशन फर्स्ट ईयर के छात्र विख्यात बजाज के पिता विश्व बजाज ने पिछले साल नवंबर में दायर अपनी शिकायत में कहा था कि उनके बेटे ने 31 अक्टूबर 2025 को 'उरी: सर्जिकल स्ट्राइक' पर एक निबंध लिखा था, जो विश्वविद्यालय के शिक्षकों को पसंद नहीं आया। छात्र के पिता ने आरोप लगाया कि इसके परिणामस्वरूप 3 नवंबर को कक्षा में उनके बेटे के साथ दुर्व्यवहार किया गया। उन्होंने आरोप लगाया कि 7 नवंबर को एसोसिएट प्रोफेसर की ओर से पढ़ाए जा रहे प्रतिनिधित्व की राजनीति नामक पाठ्यक्रम के दौरान ऐसी टिप्पणियां की गईं जो राजनीतिक रूप से अपमानजनक, भड़काऊ और बेहद परेशान करने वाली थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि इन टिप्पणियों में प्रधानमंत्री की तुलना (जर्मन तानाशाह) एडॉल्फ हिटलर से करना और राष्ट्रीय सुरक्षा अभियानों को महज दिखावा और प्रचार बताना शामिल था। आरोप के अनुसार शिकायतकर्ता के बेटे ने भारत सरकार, प्रधानमंत्री और भारतीय सेना की प्रशंसा की थी, इसलिए कुछ विशेष राजनीतिक विचारों वाले प्राध्यापकों ने उसका उत्पीड़न शुरू कर दिया।

Chhattisgarh

# रॉन्ग साइड आए ट्रेलर ने स्कॉर्पियो को मारी टक्कर, 4 की मौत

**बिलासपुर, (एजेंसी)** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात एक दर्दनाक सड़क हादसे ने पूरे इलाके को झकझोर कर रख दिया। यहां तेज रफ्तार ट्रेलर और स्कॉर्पियो की आमने-सामने टक्कर में चार लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसा रायपुर-रतनपुर नेशनल हाईवे पर ग्राम सम्बलपुरी स्थित यादव ढाबा के सामने हुआ। बताया जा रहा है कि, मृतक एक ही परिवार के सदस्य थे, जो शादी की 25वीं सालगिरह के कार्यक्रम में शामिल होकर लौट रहे थे। कुछ ही मिनटों में खुशियों का माहौल चीख-पुकार में बदल गया। जानकारी के अनुसार, ट्रेलर क्रमांक CG 11 BD 9044 सकरी-रतनपुर की ओर से रायपुर जा रहा था। तड़के करीब 2 बजे यह ट्रेलर अनियंत्रित होकर रॉन्ग साइड में पहुंच गया। उसी दौरान सामने से आ रही स्कॉर्पियो (CG 04 MQ 4220) से उसकी सीधी टक्कर हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। ट्रेलर ने पास में खड़े एक अन्य ट्रेलर को भी अपनी चपेट में ले लिया और पलट गया। हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई।

Rajasthan

# सवारियों से भरी रोडवेज बस में लगी आग, यात्रियों ने कूदकर बचाई जान

**जयपुर, (एजेंसी)** राजधानी जयपुर के मानसरोवर इलाके में यात्रियों से भरी रोडवेज बस में अचानक आग लगने से हड़कंप मच गया. बस में बैठे यात्रियों ने कूदकर अपनी जान बचाई. रोडवेज बस सिंधी कैंप बस स्टैंड से केकड़ी जा रही थी. इस दौरान मानसरोवर रीको चौराहे के पास बस के वायर में शॉर्ट सर्किट की होने से आग लग गई. धीरे-धीरे आग इंजन तक पहुंच गई. सूचना मिलते ही दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची. दो दमकल की गाड़ियों ने आग पर काबू पाया. आग बुझाने तक बस जलकर पूरी तरह खाक हो गई. गनीमत रही की घटना में किसी प्रकार की जनहानि नहीं हुई. 'बस में थे 70 यात्री': दमकल कर्मी राकेश कुमार के मुताबिक जयपुर के सिंधी कैंप बस स्टैंड से राजस्थान रोडवेज की बस रवाना



होकर केकड़ी जा रही थी. बस में करीब 70 यात्री सवार थे. घटना शुक्रवार दोपहर बाद करीब 3 बजे के आसपास की है. इस दौरान मानसरोवर रीको चौराहे के पास सवारी से भरी चलती बस में अचानक आग लग गई. बस के इंजन से धुआं के साथ ही आग की लपटें उठने लगी. चालक ने तत्परता दिखाते हुए बस को तुरंत सड़क किनारे पर रोक लिया.

## खेल

# इंग्लैंड ने लगातार तीसरा सुपर-8 मैच जीता, न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हराया, कीवियों की उम्मीदें पाकिस्तान पर टिकीं

**कोलंबो। इंग्लैंड ने टी-20 वर्ल्ड कप के 9वें सुपर-8 मैच में न्यूजीलैंड को 4 विकेट से हरा दिया है। इस जीत ने पाकिस्तान के सेमीफाइनल में पहुंचने की उम्मीदें कायम रखी हैं। शुक्रवार को कोलंबो के आर प्रेमदासा स्टेडियम में न्यूजीलैंड ने टॉस जीतकर बैटिंग चुनी।**



कीवियों ने 20 ओवर में 7 विकेट पर 159 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम ने 19.3 ओवर में 6 विकेट पर टारगेट हासिल कर लिया। विल जैक्स प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए। उन्होंने 18 बॉल पर नाबाद 32 रन की पारी खेली। जैक्स-अहमद की साझेदारी ने अंग्रेजों को जिताया इंग्लैंड की ओर से विल जैक्स ने 18 बॉल पर नाबाद 32 रन बनाए। वहीं, रेहान अहमद ने 7 बॉल पर दो छक्के के सहारे नाबाद 19 रन बना डाले। दोनों ने 7वें विकेट के लिए 16 बॉल पर नाबाद 44 रन की साझेदारी कर डाली। यही साझेदारी गेम चेंजर साबित हुई। इससे पहले सैम करन और टॉम बैंटन ने 5वें विकेट के लिए 35 बॉल पर 42 और हैरी ब्रूक और जैकब बेथेल ने तीसरे विकेट के लिए 35 बॉल पर 48 रन की साझेदारियां कीं। फिलिप्स ने 39 रन बनाए, न्यूजीलैंड 159/7 टॉस जीतकर बैटिंग कर रही न्यूजीलैंड की शुरुआत अच्छी रही। टीम ने पावरप्ले में बिना नुकसान के 54 रन बना लिए थे। लेकिन, टीम ने बीच के ओवर्स में 4 विकेट गंवा दिए। डेथ ओवर्स में भी 3 विकेट आए। ग्लेन फिलिप्स ने सबसे ज्यादा 39 रन बनाए। जबकि टिम साइफर्ट ने 35 रन का योगदान दिया। आदिल रशीद, विल जैक्स और रेहान अहमद को 2-2 विकेट मिले। एक विकेट लियम डॉसन को मिला। सेमीफाइनल में कैसे पहुंचेगा पाकिस्तान? पाकिस्तान को सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए 28 फरवरी को श्रीलंका से जीतना ही होगा। इससे पाकिस्तान और न्यूजीलैंड के 3-3 प्वाइंट्स हो जाएंगे। ऐसे में बात नेट रन रेट पर आएगी यानी कि न्यूजीलैंड की उम्मीदें पाकिस्तान के प्रदर्शन पर टिक गई हैं।

अगर पाकिस्तान पहले बैटिंग करती है, तो उसे श्रीलंका को कम से कम 64 रन से हराना होगा।

अगर पाकिस्तान दूसरी पारी में बैटिंग करती है, तो श्रीलंका के दिए टारगेट को उसे 13.1 ओवर या उससे कम में चेज करना होगा।

## सिनेमा

# धर्मेंद्र के ठुकरा दी थी श्रीराम राघवन की 'एजेंट विनोद', वजह बना था भारत-पाकिस्तान, कहा था- मैं इसे कभी नहीं करूंगा

बॉलीवुड एक्टर धर्मेंद्र अब इस दुनिया में नहीं हैं। बीते साल 24 नवंबर 2025 को 89 साल की उम्र में एक्टर ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। एक्टर के निधन ने उनके फैंस को बुरी तरह से तोड़कर रख दिया था। दिवंगत एक्टर धर्मेंद्र की आखिरी बार वॉर ड्रामा 'इक्कीस' में नजर आए। ये फिल्म उनके निधन के बाद रिलीज हुई है। फिल्ममेकर श्रीराम राघवन की 'इक्कीस' सेकंड लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल की जिंदगी पर आधारित एक बायोग्राफिकल ड्रामा है, जिसमें अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा लीड रोल में हैं। धर्मेंद्र 'इक्कीस' से पहले श्रीराम राघवन संग फिल्म 'जॉनी गद्दार' में काम कर चुके हैं। इसके अलावा भी श्रीराम ने धर्मेंद्र को एक और फिल्म ऑफर की थी, लेकिन उन्होंने उसे करने से साफ मना कर दिया था। इसकी वजह काफी दिलचस्प है, जिसके बाद में खुद अब श्रीराम ने बताया। फिल्ममेकर श्रीराम राघवन हाल ही



स्क्रीन राइटर्स एसोसिएशन (SWA) के एक इवेंट का हिस्सा बनें। इस दौरान राघवन ने बताया कि उन्होंने धर्मेंद्र को साल 2012 की फिल्म 'एजेंट विनोद' के लिए एक रोल ऑफर किया था, जिसे उन्होंने मना कर दिया था। उन्होंने बताया कि 'एजेंट विनोद' की प्लानिंग करते समय, उन्होंने RAW चीफ के रोल के लिए धर्मेंद्र से बात की थी, जिसे धर्मेंद्र ने मना कर दिया था। न्यूज एजेंसी PTI के मुताबिक, उन्होंने कहा, 'जॉनी गद्दार के बाद, मैंने उनसे कहा कि मैं आपके साथ फिर से काम करना चाहता हूं, और उन्होंने कहा, 'हां, बिल्कुल।' जब मैं एजेंट विनोद कर रहा था, मुझे याद है कि हमने RAW के हेड के लिए एक रोल लिखा था, और उनके काउंटरपार्ट जीनत अमान होने वाली थीं; हम चाहते थे कि वह रूस में हों। तो, यह एक पुरानी और एक नई कहानी थी।'

## Highlights

1. I'm hungry & tired: Allahabad High Court judge as he reserves judgment in 2025 case
2. Who is TMC's RS pick Menaka Guruswamy, who could become India's 1st LGBTQ MP?
3. India, EU to grant each other 'Most Favoured Nation' status for 5 years
4. TMC picks ex-DGP, SC lawyer, Bengali film star as RS candidates

# OpenAI gets $110-billion funding from Nvidia, Amazon, SoftBank ahead of IPO



**NEW DEIHI, (Agency).** OpenAI Inc. has raised $110 billion in its biggest funding round yet led by Nvidia Inc., SoftBank Group Corp. and Amazon.com Inc. That pegs the Sam Altman-led company's valuation at $730 billion ahead of a potential IPO.

Amazon.com Inc. is investing $50 billion in the financing round, OpenAI said Friday, by far the largest amount the e-commerce giant has put into any company. SoftBank Group Corp. and Nvidia Corp. each invested $30 billion, the company said. The firm's new $730 billion valuation doesn't include the money raised. Post-money, it's now valued at $840 billion.

OpenAI and rival Anthropic PBC have ramped up their fundraising this year to support costly bets on chips and data centers to support their artificial intelligence software. Increasingly, the two AI startups have tapped an overlapping group of venture funds and Big Tech investors.

The large investment from Amazon, a longtime Anthropic backer, also tightens its relationship with OpenAI. As part of the agreement, OpenAI will use Amazon's line of in-house AI chips, called Trainium, and jointly develop customized models for Amazon's own engineering teams. OpenAI will also spend an additional $100 billion on Amazon Web Services over the next eight years. The two companies in November announced a deal under which the model builder would use some $38 billion in AWS services over seven years.

"Amazon can deliver so much to us in terms of new demand and opportunities in the market," OpenAI Chief Executive Officer Sam Altman said in an interview with CNBC on Friday. Andy Jassy, Amazon's CEO, said the deal "will yield a good return for Amazon over a long period of time."

Microsoft Corp., one of OpenAI's largest previous backers and formerly an exclusive infrastructure partner, said its relationship with the developer remains strong. "Nothing about today's announcements in any way changes the terms of the Microsoft and OpenAI relationship," the companies said in a joint statement Friday.

# India clocks GDP growth rate of 7.8% in Q3 FY26 under new series

**NEW DEIHI, (Agency).** India has raised its growth estimate for the ongoing fiscal after unveiling a new framework for calculating gross domestic product, highlighting the resilience of the world's most populous nation to global trade disruptions.



India's GDP growth rate stood at 7.8% in October-December 2025, according to data released by the Ministry of Statistics and Program Implementation on Friday (27 February 2026). That compares with 6.2% in the year-ago period and 8.2% in the previous quarter. The GDP data released today is according to the new GDP series which shifts the base year to 2022-23 from 2011-12.

The government now sees India's GDP growth rate at 7.6% in FY26, as against the first advance estimate of 7.4% in January under the previous series. That matches the expectations of 14 economists tracked by Bloomberg.

DETECTIVE GROUP
Detecting the truth

I AM NOT

- a Lover but will support you.
- a Friend but will guide you.
- a Lawyer but will assist you in getting justice.
- a Police but will help you in finding an evidences.
- an Uncle but will help in knowing your upcoming family's details.
- a Teacher but will suggest you a right direction.
- a Doctor but will cure your problems.
- a Driver but will take you to correct destination.

WHO AM I?
I AM THE DETECTIVE !
Helping Secretly & Securely...

WWW.DETECTIVEGROUP.IN

Visit our website & Submit your Query...
Team will contact you within 24 hrs...



स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित। ■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535
■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 7312433667, मो.नं. 9826044334 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। ■ न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक